# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... Date:..........................

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (05/09/2024)**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE-05.09.2024, PAGE-06

**नया फॉर्मेट तैयार •** एनईपी व सीबीसीएस के तहत तैयार मार्कशीट के फॉर्मेट को बोर्ड की मंजूरी

# चार वर्षीय स्नातक की मार्कशीट पर अब अंक नहीं, ग्रेड और क्रेडिट स्कोर मिलेगा

**4 वर्षीय बीए-बीएड व बीएससी-बीएड के स्टूडेंट्स को भी मिलेगी नई मार्कशीट**



एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

चार वर्षीय स्नातक के स्टूडेंट्स को मार्कशीट पर अब अंक नहीं मिलेगा। सभी विषयों में प्राप्त अंकों के आधार पर क्रेडिट स्कोर और ग्रेड दिया जाएगा। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक के लिए नई शिक्षा नीति (एनईपी) और सीबीसीएस के प्रावधानों के अनुसार मार्कशीट का नया फॉर्मेट तैयार कर लिया गया है। इसे सत्र 2023-27 के फर्स्ट सेमेस्टर से ही लागू किया जाएगा। फर्स्ट सेमेस्टर में उत्तीर्ण स्टूडेंट्स की मार्कशीट नए फॉर्मेट में डिजीलॉकर में अपलोड की जाएगी। साथ ही पूरे सेमेस्टर सहित सभी पेपर का क्रेडिट स्कोर एबीसी यानी एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में स्टोर होगा। विश्वविद्यालय में परीक्षा बोर्ड ने स्नातक के नए फॉर्मेट को अप्रूव्ड कर दिया है। बुधवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। सबसे पहले 7 जुलाई को हुई बैठक में लिए गए निर्णय को स्वीकृति दी गई। इसके बाद नए एजेंडे चर्चा के बाद स्वीकृत किए गए। स्नातक के फर्स्ट सेमेस्टर का रिजल्ट जारी किया गया है। नए फॉर्मेट में ही उसकी मार्कशीट जारी होगी। साइंस और आर्ट्स के लिए अलग-अलग फॉर्मेट बनाया गया है। इसके साथ ही 4 वर्षीय बीए-बीएड और बीएससी-बीएड के लिए भी मार्कशीट का फॉर्मेट अप्रूव्ड किया गया। हालांकि कुलानुशासक प्रो. बीएस राय व परीक्षा बोर्ड के सचिव सह परीक्षा नियंत्रक प्रो. टीके डे को जिम्मेदारी दी गई कि अन्य विवि से भी इसकी जानकारी ले लेंगे। किसी तरह के सुधार की जरूरत होगी, तो उसे किया जाएगा। बोर्ड के समक्ष दो स्टूडेंट्स का पर्सनल मैटर भी रखा गया, जिस पर संशोधित रिजल्ट जारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी संकायाध्यक्ष व बोर्ड के सदस्य थे।

**पीएचडी की 50% सीटों पर होगा नेट क्वालिफाई का एडमिशन**

परीक्षा बोर्ड ने पीएचडी रेगुलेशन-2024 को भी मंजूरी दे दी। अब विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए तय कुल सीटों के 50 फीसदी नेट क्वालिफाई अभ्यर्थियों से भरे जाएंगे। वहीं, शेष 50 फीसदी सीटों पर विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का एडमिशन होगा। इसकी गणना सभी विषयों के लिए अलग-अलग होगी। पिछले दिनों यूजीसी की ओर से इसको लेकर निर्देश जारी किया गया था। वहीं, राजभवन ने भी इसकी स्वीकृति दे दी है। परीक्षा बोर्ड के सदस्यों ने चर्चा के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कुलानुशासक प्रो. बीएस राय ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाली प्रवेश परीक्षा में अब सत्र नहीं दिया जाएगा। वहीं, किसी विषय में नेट क्वालिफाई अभ्यर्थी रिक्ति के अनुसार नहीं मिलेंगे, तो उन सीटों पर विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षा में सफल अभ्यर्थी का एडमिशन लिया जाएगा।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE- 05.09.2024, PAGE-06

# छात्र-छात्राओं को वन्य जीवों के संरक्षण को किया जागरूक

**एलएस कॉलेज :** राष्ट्रीय वन्य जीव दिवस आयोजित



एलएस कॉलेज जंतु विज्ञान विभाग में कार्यशाला में शामिल छात्र-छात्राएं।

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

एलएस कॉलेज जंतुविज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय वन्य जीव दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. फैयाज अहमद ने कहा कि इसका उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को वन्यजीवों के संरक्षण व उनके महत्व के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने प्रतिभागियों को वन्यजीवों के ऊपर शोध कार्यों के महत्व के बारे में बताया। कहा कि विज्ञान के माध्यम से हम इनके संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने अपने संदेश में वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वन्य जीव न सिर्फ हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हैं, बल्कि हमारे जीवन का भी अभिन्न अंग हैं। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने वन्यजीवों की विभिन्न प्रजातियों और उन पर मंडराते खतरों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही छात्रों को वन्यजीवों के संरक्षण के उपायों और उनकी सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताया। कार्यशाला को डॉ. बिपिन कुमार, डॉ. पूनम कुमारी, बॉटनी विभाग की डॉ. सीमा कुमारी ने भी संबोधित किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR,
DATE- 05.09.2024 , PAGE-06


# विवि में तीसरे सेमेस्टर का पाठ्यक्रम हुआ जारी

- सिलेबस नहीं होने से पढ़ाई हो रही थी बाधित
- चौथे का पाठ्यक्रम किया जा रहा है तैयार

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में स्नातक तीसरे सेमेस्टर का सिलेबस बुधवार को जारी कर दिया गया। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने इसे जारी किया। सिलेबस जारी नहीं होने से छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही थी। तीसरे सेमेस्टर में छात्र मल्टी डिस्प्लिनरी कोर्स के लिए कौन से विषय रखेंगे इसका जिक्र सिलेबस में किया गया है। इसके साथ ही अब चौथे सेमेस्टर के सिलेबस को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

सेमेस्टर में छात्रों को मल्टी डिस्प्लिनरी कोर्स के तहत हिस्ट्री, इकोनॉमिक्स, पोल साइंस, सोशियोलॉजी, एंसियेंट हिस्ट्री, होम साइंस, भूगोल, साइकोलाजी, अकाउंटिंग, मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्सेज, एलएसडब्ल्यू, गणित, साइकोलॉजी, हॉर्टी कल्चर, केमेस्ट्री इन एवरीडे लाइफ, मेसोकोपिक मैटेरियल, एक्वीटेंस आफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रिकल एप्लाइंसेज, हिस्ट्री एंड फिलास्फी ऑफ साइंस, स्पोर्ट्स साइंस और एटमॉस्फेरिक एंड स्पेश साइंस में से कोई एक विषय लेना होगा। एईसी में छात्रों को डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट विषय लेना है। स्किल इनहांसमेंट कोर्स में पर्सनल फिनांसियल प्लानिंग, विजुअल कम्युनिकेशन एंड फोटोग्राफी, स्टैटिकल साफ्टवेयर पैकेज, कम्युनिकेशन इन प्रोफेशनल लाइफ, रचनात्मक लेखन और रंगमंच में से कोई एक विषय ले सकते हैं।


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE- 05.09.2024 , PAGE-06


# कॉलेजों में आरबीआई कराएगा क्विज

मुजफ्फरपुर। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) बीआरए बिहार विवि के कॉलेजों में छात्रों के बीच क्विज कराएगा। इस बारे में आरबीआई का पत्र सभी कॉलेजों को भेजा गया है। यह क्विज चार चरणों में होगा। कॉलेज से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक यह प्रतियोगिता होगी। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार विजेता को दस लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।

**Ref:....................** **Date:.........................**

**DAINIK JAGRAN ,MUZAFFARPUR,DATE-05.09.2024,PAGE-04**

## थर्ड सेमेस्टर के 1.42 लाख छात्र-छात्राओं के लिए सिलेबस बनकर तैयार

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक कोर्स के थर्ड सेमेस्टर में थर्ड सेमेस्टर के 1.42 लाख विद्यार्थियों के लिए विभिन्न संकायों के लिए एमडीसी यानी मल्टी डिसीप्लीनरी कोर्स की सूची तैयार कर ली है। यह मामला लंबे समय से लंबित था। विश्वविद्यालय की ओर से थर्ड सेमेस्टर के पाठ्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर कालेजों को इसकी सूची भेज दी गई है। अब इसी आधार पर कालेजों में थर्ड सेमेस्टर की कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। अब तक

**बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक के थर्ड सेमेस्टर के लिए एमडीसी कोर्स की जारी की सूची, लंबे समय से लंबित था मामला**

पाठ्यक्रम का निर्धारण नहीं होने के कारण तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए कक्षाओं के संचालन में संशय की स्थिति थी। शिक्षकों का कहना था कि संकायवार एमडीसी के लिए कोर्स की सूची अब तक विश्वविद्यालय के स्तर से तय नहीं किया गया है। इसी आधार पर विश्वविद्यालय ने कोर्स की सूची तैयार कर ली है। एकेडमिक काउंसिल



की बैठक में इसे मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

मानविकी संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए एमडीसी के तहत दिए जाने वाले साइंस विषयों की सूची को छोटा करने का प्रस्ताव दिया गया था। इसे मंजूरी नहीं मिली है। परीक्षा विभाग के स्तर से इसको लेकर परेशानी हो रही थी कि अधिक कोर्स का विकल्प देने के कारण उसकी परीक्षा से लेकर रिजल्ट तैयार करने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में एक कोर्स प्रदान किए जाने की बात कही गई थी। इसे विश्वविद्यालय के स्तर से संशोधन नहीं किया गया है। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि मेजर कोर्स और माइनर कोर्स मे कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहले और दूसरे सेमेस्टरकी तरह इसे तीसरे सेमेस्टर में उसी प्रकार रखा गया है। मानविकी के लिए एमडीसी में कुल 21 कोर्स हैं। इसमें से किसी एक कोर्स का चयन विद्यार्थी कर सकेंगे। इसी तरह सोशल साइंस और साइंस के लिए एमडीसी में कुल 25 कोर्स हैं। इसमें से एक का चयन छात्र-छात्राएं कर सकेंगे। कामर्स में विद्यार्थियों को एमडीसी में कुल 31 कोर्स का विकल्प मिलेगा। इसी तरह मानविकी और सोशल साइंस में स्किल एन्हांसमेंट कोर्स के रूप में चार विषय चुने गए हैं। इसमें पर्सनल फाइनेंस प्लानिंग, विजुअल कम्युनिकेशन एंड फोटोग्राफी, कम्युनिकेशन इन प्रोफेशनल लाइफ, रंगमंच और रचनात्मक लेखन शामिल है। इसी तरह साइंस और कामर्स में एक समान 6 कोर्स का विकल्प मिला है।

**DAINIK JAGRAN ,MUZAFFARPUR,DATE-05.06.2024,PAGE-05**

## आरबीआइ क्विज में भाग ले सकते स्नातक छात्र-छात्राएं, विजेता को मिलेंगे 10 लाख

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक में नामांकित छात्र-छात्राएं आरबीआइ क्विज में हिस्सा ले सकेंगे। इसको लेकर शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। क्विज में राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने पर 10 लाख रुपये मिलेंगे। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को आठ लाख और तीसरा स्थान हासिल करने वाले को छह लाख मिलेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से सभी कालेजों के प्राचार्यों को अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को क्विज में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया है। क्विज के लिए 16 सितंबर तक आवेदन की प्रक्रिया होगी। आनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद 19 से 21 सितंबर के बीच पहला राउंड होगा। एक कालेज से अधिकतम अभ्यर्थी हो सकते हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**